बिहार विधान परिषद्
समापन भाषण
208वां सत्र

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,

माननीय नेता, विरोधी दल,

माननीय उप सभापति,

माननीय सदन उप नेता द्वय,

माननीय मंत्रीगण,

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,

माननीय उप मुख्य सचेतक द्वय सत्तारूढ़ दल,

माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,

बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,

प्रिंट एवं इलक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 208वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 5 बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 64 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 30 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 19 सूचनाएं उत्तरित हुईं, शेष 2 सूचनाएं व्यपगत हुईं। 9 सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द किए गए।

शून्यकाल की कुल 43 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें 35 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 8 सूचना अस्वीकृत की गई।

निवेदन की कुल 57 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 53 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। 4 सूचनाएं अस्वीकृत हुईं। सभी स्वीकृत 53 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

इस सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) के माध्यम से माननीय सदस्यों द्वारा 331 तारांकित प्रश्न एवं 88 अल्पसूचित प्रश्न दिए गए तथा इसके माध्यम से कुल 300 तारांकित एवं अल्पसूचित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। सदन में महत्वूपर्ण विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं।

वर्तमान सत्र में निम्नलिखित विधेयक पारित किए गए --

(1) बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024

(2) बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक, 2024

(3) बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2024

(4) बिहार खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024

(5) बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2024

इस उच्च सदन में आप सबके सहयोग से गरिमा के अनुरूप राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हुई है। सदन के सभी सदस्यों को इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप सभापति, माननीय नेता, विरोधी दल, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण का आभारी हूं कि आप सबने सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के जरिए प्रकाशित और प्रसारित करते हुए जनसाधारण के प्रति हमारे दायित्वों एवं सरोकारों को नया आयाम है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से इस सत्र के दौरान मैं संसदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक संचालन करने में समर्थ हो सका हूं।

धन्यवाद ।

अवधेश नारायण सिंह

सभापति

29 नवम्बर, 2024